पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न

विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही न बरती जाये, निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से कार्यों को कराया जाय

प्लान बनाकर कार्य करें अधिकारी

विश्वविद्यालय की निर्माण सामग्री का न हो दुरुपयोग, इसको अधिकारी करें सुनिश्चित

-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

राज्यपाल ने किया जनपद मुरादाबाद की हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्रिज का भ्रमण

राज्यपाल ने किया धातुओं से निर्मित मूर्तियों, धार्मिक प्रतीकों और कलात्मक शिल्प कार्यों का अवलोकन, कारीगरों की उत्कृष्ट कृतियों की सराहना की

लखनऊः 16 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज जनपद मुरादाबाद में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के निर्माण कार्यों की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने महामहिम महोदया को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में पी0पी0टी0 के माध्यम से अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये, इसको अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी प्रकार से निर्माण सामग्री का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए तथा बच्चों को सम्पूर्ण सुविधाएं मिलनी चाहिए। कार्यदायी संस्था को प्लान बनाकर कार्य करने के तथा कुलपति एवं प्रशासन के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर निर्माण कार्यों की अच्छे से मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति संबंधी एक ऐप बनाया जाए, जिस पर नियमित रूप से निर्माण कार्यों की प्रगति को अपडेट किया जाये। विश्वविद्यालय के सभी ब्लाकों में एक साथ कार्य शुरू कराने के लिए भी राज्यपाल जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन विश्वविद्यालय के लिए एक इंजीनियर की व्यवस्था की जाए, जिसके माध्यम से निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता को अच्छे से सुनिश्चित करवायी जा सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मुनिराज जी को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के प्रांगण में बन रहे पुलिस बूथ के निर्माण एवं गुणवत्ता संबंधी कार्यों को नियमित रूप से स्थलीय

निरीक्षण कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। राज्यपाल जी ने कार्यदायी संस्था के संबंधित अधिकारी को बाउंड्रीवाल के साथ ही पौधारोपण को भी साथ-साथ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कुलपति से जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में बनने वाले हॉस्टल की क्षमता के बारे में भी जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कुलपति को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय में कितने प्रोफेसरों की आवश्यकता होगी, इसका एक सिस्टमैटिक प्लान बनाकर कार्यवाही को अमल में लायें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों की नियुक्तियों के लिए नियुक्ति निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। बैठक में विश्वविद्यालय के सिंबल, मोटो, जैम पोर्टल, यू0जी0सी0 लिस्टिंग सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी, जिस पर राज्यपाल जी ने संबंधित अधिकारी को उचित कार्यवाही को अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही न बरती जाये और निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से कार्यों को कराया जाये। उन्होंने कुलपति को विश्वविद्यालय में हो रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा नियमित रूप से करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मुनिराज जी, जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल, कुलपति श्री सचिन माहेश्वरी, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डा0 संध्या रानी शाक्य, वित्त अधिकारी श्री भृवू नारायण झा, कुलसचिव श्री शशि भूषण, उप कुल सचिव श्री दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बैठक से पूर्व महामहिम राज्यपाल महोदया ने आज जनपद मुरादाबाद भ्रमण कार्यक्रमानुसार जैन मेटल शिल्पग्राम, मारक्यू इम्पेक्स, जे0एस0 इंटरनेशनल हैंडीक्राफ्ट, मार्टको एक्सपोर्ट फैक्ट्रीज का भ्रमण किया। उन्होंने प्रदर्शित धातुओं से निर्मित मूर्तियों, धार्मिक प्रतीकों और कलात्मक शिल्प कार्यों का अवलोकन किया और कारीगरों

की उत्कृष्ट कृतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद की यह समृद्ध धरोहर भारत की पारम्परिक कला एवं संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080